## एक नजर में

### अभयपुर से चोरी गया डंपर सुनेरा पुलिस ने गुजरात से किया बरामद



**शाजापुर, 11 नवंबर.** जिले की सुनेरा पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व अभयपुर के गुरूकुल स्कूल के मैदान से अज्ञात बदमाश चुरा ले गए थे. जिसकी शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और दो टीमों को अलग-अलग दिशाओं में रवाना किया. जिन्होंने सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 2 हजार किमी का सफर तय किया और डंपर ढूंढ निकाला. पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है. सुनेरा थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने बताया कि 02 नवंबर 2025 को ग्राम अभयपुर स्थित गुरुकुल स्कूल के मैदान में कलश इंटरप्राइजेज कंपनी का करीब 62 लाख रूपये कीमत का एक डंपर खड़ा था, जिसे अज्ञात बदमाश रात में चोरी कर ले गए. पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया और अपराधियों की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया और टीम ने सक्रियता दिखाते हुए लगभग 2000 किलोमीटर का सफर तय कर सफलता हासिल की और उन्हें चोरी गया डंपर रायपुर टोल टैक्स के सीसीटीवी चैक करने पर कोटा रोड राजस्थान तरफ जाते देखा. इसके बाद आरोपी चालक द्वारा डम्फर को उदयपुर, चित्तौड़गढ़ होते हुए गुजरात के आवा टोल प्लाजा पर देखा गया. जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरो को देखते हुये टोल नाको, होटल, ढाबो पर लगे लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की एवं सायबर सेल शाजापुर की तकनीकी सहायता से वाहन की ट्रैकिंग की. लेकिन आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए वाहन की नंबर प्लेट बदल दी. फर्जी इंजन व चेसिस नंबर तैयार किए और फर्जी फास्टैग कार्ड का उपयोग किया. फिर भी पुलिस टीम ने लगातार टोल नाकों, ढाबों और होटलों के कैमरों से जानकारी जुटाते हुए चोरी गए डंपर की अंतिम लोकेशन जिला आनंद गुजरात में ट्रेस की. गुजरात में स्थानीय सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने डंपर को बरामद कर आरोपी भावेशभाई पिता जगदीश परमार निवासी वरलीपुरा बेडवा जिला आनंद गुजरात व सोहेल अहमद पिता याकुब खां 47 निवासी आनंद गुजरात को गिरफ्तार किया. इनके कब्जे से पुलिस ने 62 लाख रूपये मूल्य का चोरी गया डंपर जब्त किया है. पुलिस द्वारा इनके साथी सिद्दीक, साबीर, शाहरुख एवं अजहर फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है. इस कार्रवाई में सुनेरा थाना प्रभारी भीमसिंह पटेलए, कावता चौकी प्रभारी आरसी यादव, उनि बनेसिंह नागर, प्रधान आरक्षक हेमेन्द्रसिंह जादौन, मोहन पटेल, विष्णु पटेल, आरक्षक अरुण चौधरी, रुपेन्द्रपाल सिंह, अखिलेश भंडारी, सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी, आरक्षक अनिल सक्सेना, घनश्याम राजपूत की सराहनीय भूमिका रही.

**कंपनी ने की पुलिस को 21 हजार रूपये देने की घोषणा**

पुलिस द्वारा एक सप्ताह में बदमाशों से डंपर जब्त करने पर कलश इंटरप्राईजेस कंपनी द्वारा पुलिस टीम द्वारा सफलता प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया है. साथ ही पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है. कंपनी ने बताया कि टीम ने रात दिन एक कर कड़ी मेहनत से यह सफलता प्राप्त की है.

### बोनट पर पैर रखकर रोकी कार, गहने और नगदी छीनकर भागे बदमाश



**शाजापुर, 11 नवंबर.** इंदौर से सारंगपुर जा रहे एक परिवार के साथ मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे लूट की वारदात हो गई. यहां बदमाश साधु के वेश में कार के सामने आ गए और एक पैर कार के बोनट पर रख कार को रोक दिया. इसके बाद कार में सवार महिलाओं से बदमाश गहने व नगदी छीनकर भाग निकले. पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है. नगर के लालघाटी थाना क्षेत्र में भेरू डूंगरी के पास मंगलवार दोपहर लूट की एक वारदात हुई. इंदौर से शादी में सारंगपुर जा रहे एक परिवार को साधु के वेश में आए दो बदमाशों ने निशाना बनाया. इसका वीडियो भी सामने आया है. वीडियो में साधु का वेश धरे दो बदमाश पैर अड़ाकर कार रोकते दिख रहे हैं. इसके बाद दोनों ने कार सवार महिलाओं से सोने के जेवर छीन लिए. फरियादी शाहरुख ने बताया कि नेशनल हाईवे 52 पर साधु के वेश में चार लोग अचानक हमारी गाड़ी के सामने आ गए. उन्होंने आशीर्वाद देने का नाटक करते हुए कार में सवार महिलाओं के साथ छीना झपटी की. बदमाश दो अंगूठी, पैंडल लगी सोने चेन छीनकर फरार हो गए. फरियादी के अनुसार आरोपियों ने कार के सामने पैर रखकर गाड़ी को हिलाया, जिससे परिवार घबरा गया. विरोध करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी. वारदात को अंजाम देने के बाद वे थोड़ी दूर आगे जाकर इंदौर या उज्जैन की ओर भाग निकले. इस घटना के बाद पीड़ित परिवार लालघाटी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई. एसडीओपी गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि वारदात मंगलवार दोपहर 11 से 12 बजे के बीच हुई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. पुलिस हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है. आरोपियों की तलाश के लिए टीमें सक्रिय हैं और जल्द ही लूट का पर्दाफाश किया जाएगा.

**हाईवे नहीं सुरक्षित, आए दिन हो रही वारदातें**

यह पहली वारदात नहीं है. इसके पहले भी बदमाशों ने यहां से गुजरने वाले ट्रक चालकों को निशाना बनाया है. कई बार बदमाशों ने चलते ट्रकों से माल उड़ाया. जिसकी शिकायत भी पुलिस को दर्ज की गई. अभी तक किसी भी मामले में पुलिस को सफलता हाथ नहीं ली है.

### अस्पताल में फर्जी अटेंडेंस पर होगी एफआईआर




**शाजापुर, 11 नवंबर.** जिला अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है. कलेक्टर के निर्देश के बाद अब सार्थक ऐप के माध्यम से हाजिरी दर्ज की जाएगी और फर्जी अटेंडेंस पाए जाने पर एफआईआर दर्ज होगी. सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना ने मंगलवार को लगभग 12 बॉन्ड डॉक्टरों को नोटिस जारी कर निर्देश दिए हैं. इसके तहत सार्थक ऐप पर हाजिरी केवल अस्पताल परिसर में निर्धारित स्थान पर जाकर ही लगानी होगी. इसके लिए एक विशेष बैनर लगाया गया है, जिसके सामने तारीख लिखी होगी और वहीं से डॉक्टर को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी. यह कदम बीते दिनों सामने आई फर्जी तरीके से सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने की शिकायतों के बाद उठाया गया है. इन शिकायतों की जांच के लिए भोपाल से तीन सदस्यीय टीम भी शाजापुर पहुंची थी. हालांकि जांच में कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला था. इसके बावजूद कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए हैं कि यदि कोई चिकित्सक फर्जी अटेंडेंस लगाता पाया गया तो उसके खिलाफ, एफआईआर दर्ज की जाएगी. सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना ने स्पष्ट किया है कि सभी डॉक्टरों को तय समय और स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# मधु के भ्रष्टाचार के डंक पर धरम बाई का प्रहार

## जनपद अध्यक्ष ने महिलाओं के साथ विधायक के खिलाफ रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

**शाजापुर, 11 नवंबर. लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भाजपा में अब भाजपा को घेरने के लिए विपक्ष की जरूरत नहीं है. भाजपा की गुटबाजी ही विपक्ष की भूमिका में काम कर रही है. कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक मधु गेहलोत पर उनकी ही पार्टी की महिला जनपद अध्यक्ष धरम बाई ने भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप लगाए हैं कि जिससे भाजपा की राजनीति में भोपाल तक भूचाल आ गया. अपनी ही पार्टी के विधायक के खिलाफ महिलाओं ने विधायक मुर्दाबाद, भाजपा जिंदाबाद के साथ रैली निकालकर आगर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. यह मामला बीते दो दिन से आगर जिले की राजनीति में चर्चित और सुर्खियों में है.**



गौरतलब है कि कांग्रेस से भाजपा में विधायक बनने के लिए शामिल हुए मधु गेहलोत की कार्यप्रणाली हमेशा से चर्चा में रही है. कांग्रेस से एक बार विधानसभा चुनाव लड़े, जिसमें उन्हें बम्पर वोट से हार मिली थी. उसके बाद उन्हें कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया, तो उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर उपचुनाव में भाजपा का समर्थन किया. बाद में 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हुए और आगर से उन्हें भाजपा से टिकट मिला. वे पहली बार विधायक बने. लेकिन 9 नवंबर को आगर विधानसभा के ग्राम भयाना में एक भूमिपूजन कार्यक्रम में आगर जनपद अध्यक्ष धरम बाई को बिना बताए वे पहुंच गए, जिस पर जनपद अध्यक्ष समर्थक और विधायक समर्थकों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई. जनपद अध्यक्ष के पति और जनपद अध्यक्ष ने विधायक मधु गेहलोत पर भ्रष्टाचार के बिंदुवार आरोप लगाते हुए कहा कि वे नारियों का अपमान करते हैं. यहां तक कि पूरी विधानसभा में वे वसूली करने के लिए ही विधायक बने हैं. जनपद अध्यक्ष के समर्थन में सैकड़ों महिलाओं ने रैली निकालकर आगर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.



### पवन चक्की वालों से वसूली कर रहे विधायक

जनपद अध्यक्ष धरम कुंवर बाई ने विधायक मधु गेहलोत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे पवन ऊर्जा की कंपनियों से भी वे जबरदस्त वसूली करने में लगे हुए हैं. विधायक मधु गेहलोत पर महिला जनप्रतिनिधियों के साथ सार्वजनिक अपमान और प्रशासनिक अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के लिए दबाव बनाया जा रहा है. महिलाओं ने नारी का अपमान नहीं सहेंगे, झूठ, बेइमानी, भ्रष्टचार, मधु तेरे ये संस्कार नहीं सहेगा आगर जैसे नारे लगाए.

### महिलाओं का अपमान कर रहे भाजपा विधायक

एक तरफ भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है, दूसरी तरफ उनके ही विधायक महिलाओं का अपमान कर रहे हैं. आगर जनपद अध्यक्ष धरम कुंवर बाई ने विधायक मधु गेहलोत के भ्रष्टाचार और मनमाने तरीके से विकास कार्य का भूमिपूजन करने के विरोध में क्षेत्र की महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए विधिवत पत्र लिखकर 11 नवंबर को जनपद परिसर में एकत्रित होकर रैली निकालने का आह्वान किया था. जिसमें उन्होंने आगर विधायक मधु गेहलोत द्वारा भाजपा सरकार की धज्जियां उड़ाते हुए महिलाओं का अपमान करने की बात कही थी.

**ये हमारा पारिवारिक मामला है...**

*आगर विधायक मधु गेहलोत ने बताया कि ये हमारा पारिवारिक मामला है. कोई गलतफहमी हुई होगी. जब उनसे भ्रष्टाचार की गई, तो उन्होंने कहा कि मिलकर बात करते हैं और फोन काट दिया.*

### लापरवाही करने वाले दो बीएलओ निलंबित

**शाजापुर, 11 नवंबर.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना ने निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण 2026 में लापरवाही करने वाले बीएलओ शासकीय एकीकृत मावि बांगली के प्राथमिक शिक्षक भरतभूषण सिंह यादव तथा बीलएओ शा.उमावि शुजालपुर मण्डी के प्रयोगशाला शिक्षक राघवेन्द्र सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन काल में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी.

**कलेक्टर ने अनुज्ञा को किया सम्मानित- शाजापुर,** कलेक्टर ऋजु बाफना ने शाजापुर जिले की खिलाड़ी अनुज्ञा पिता राजीव शर्मा द्वारा 02 से 05 नवंबर तक योयोजी स्टेडियम टोक्यो जापान में आयोजित चौंथी ऐशियन कूडो चौम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कास्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया.

# कांग्रेस के कबीले विरान, भाजपा के कबीले हो रहे आबाद...

**पोलिटिकल इनसाइड**
मनोज पुरोहित

कबीलों का क्या होगा, चिंता इस बात की नहीं है, चिंता इस बात की है कि कबीलों का सरदार कौन होगा. इन दिनों भाजपा की राजनीति में यही देखने को मिल रहा है. कहने को कांग्रेस विपक्ष में है, लेकिन विपक्ष को विरोध करने की जरूरत नहीं है. क्योंकि विपक्ष की भूमिका खुद सत्ता पक्ष के नेता अच्छी तरह निभा रहे हैं. गुटबाजी, केकड़ा प्रवृत्ति और कबीला संस्कृति भाजपा में पैर पसार चुकी है. जो भाजपा की गुटबाजी शिशु काल में हुआ करती थी, वो अब वयस्क हो चुकी है. चाहे शाजापुर जिला हो या आगर जिला हो. हर नेता का अपना कबीला है और वो अपने कबीले का सरदार बना रहना चाहता है और दूसरे नेताओं के कबीलों को नैस्त-ओ-नाबुत करने की राजनीति चल रही है. आगर जिले में भाजपा के ही विधायक और भाजपा की ही जनपद अध्यक्ष के बीच जिस तरीके की तू-तू, मैं-मैं और गुटबाजी देखने को मिली है, ये भाजपा के लिए शुभ संकेत नहीं है. जो काम आगर में कांग्रेस को करना चाहिए था, वो अब भाजपा ही कर रही है. यही हाल शाजापुर जिले की राजनीति का है. यही कारण है कि विपक्ष मदमस्त होकर सो रहा है. क्योंकि विपक्षी नेताओं को पता है कि उनकी भूमिका का भार असंतुष्ट भाजपाई नेताओं ने बखूबी उठा रखा है. शाजापुर जिले के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के कई नेताओं से रिश्ते रेल की पटरी के समान हैं. साथ तो हैं, लेकिन मिलते नहीं है. जहां शुजालपुर विधानसभा में भाजपा के कई कबीले हैं, तो शाजापुर में भी कबीलों की कमी नहीं है. इन कबीलों को पोषित करने के लिए खाद देने का काम असंतुष्ट और समय-समय पर फूफा की भूमिका निभाने वाले वे नेता करते हैं, जो एक कबीला छोड़कर तुरंत दूसरे कबीले की शरण में आ जाते हैं. कबीला प्रवृत्ति का जन्म भी राजनीति के फूफाओं के करकमलों से ही हुआ है. तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे, इस पीड़ा से राजनीति में कबीलों का उद्गम हो रहा है. शाजापुर की राजनीति में तो तेरी कमीज, मेरी कमीज से सफेद की परिपाटी इन दिनों चरम पर है.

**भाजपा के सबसे ज्यादा पूर्व विधायक शुजालपुर से**

शाजापुर जिले के शुजालपुर को राजनीतिक राजधानी कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी. क्योंकि भाजपा के सबसे ज्यादा पूर्व विधायक की संख्या शुजालपुर क्षेत्र से ही है. जसवंत सिंह हाड़ा, फूलसिंह मेवाड़ा, केदारसिंह मंडलोई, विजेंद्र सिंह सिसौदिया, गिरीराज मंडलोई, बाबूलाल वर्मा. इसके अलावा स्व. नेमीचंद जैन. शाजापुर विधानसभा की बात करें, तो भाजपा की राजनीति में पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, स्व. लक्ष्मी नारायण पटेल, दो ही नाम पूर्व विधायकों में शामिल हैं.

**फ्लैक्समीनिया रोगियों के लिए दुखभरी खबर...**

शहर को नई सड़क की सौगात मिलने वाली है. ऐसी स्थिति में खंभे-खंभे पर लटके नेताओं के लिए अब लटकने की जगह खत्म हो जाएगी. क्योंकि दो साल तक सड़क का निर्माण किया जाएगा. तब तक इस बीच खंभे पर लटके नेताओं के लिए बड़ा संकट हो जाएगा. या यूं कहें कि फ्लैक्समीनिया रोगियों को अब लटकने के लिए खुद की बल्लियां गाड़ना पड़ेंगी.

अंत में...

ये कैसी सियासत मेरे मुल्क पे हावी है, इंसान को इंसान से जुदा देख रहा हूं.

### दिल्ली धमाके के बाद पुलिस हुई अलर्ट



**शाजापुर, 11 नवंबर. दिल्ली के लाल किला मैदान के बाहर सोमवार शाम हुए कार विस्फोट के बाद मप्र में भी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं. घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत और कई घायल हुए हैं, जिसके बाद पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया है. इसी के तहत शाजापुर नगर में भी पुलिस ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू करते हुए विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है.**

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने जगह-जगह नाके लगाकर वाहनों की तलाशी और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की. शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है. अधिकारियों ने खुद मौके पर रहकर चेकिंग अभियान की निगरानी की. देर रात तक पुलिस अलर्ट रही और वाहनों की तलाशी के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ करती नजर आई. एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय ने बताया कि दिल्ली ब्लास्ट के बाद पुलिस मुख्यालय से निर्देश मिलने पर पूरे जिले में यह अभियान चलाया जा रहा है. सुरक्षा के लिहाज से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पुलिस भीड़भाड़ वाले इलाकों और मुख्य मार्गों पर जांच कर रही है. लोगों से भी अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें.

# सीएम 14 नवंबर को करेंगे करोड़ों के विकास कार्यों का भूमि पूजन

## मक्सी को मिल सकता तहसील का पूर्ण दर्जा, तैयारियां जोरों पर

**मक्सी, 11 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 नवंबर को मक्सी आगमन पर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे. इस दौरान लगभग 8000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले जैक्सन औद्योगिक सोलर प्लांट, मक्सी-उज्जैन फोरलेन रोड लागत 273 करोड़ 45 लाख रुपये तथा मक्सी नगर फोरलेन रोड लागत 33 करोड़ 71 लाख रुपये के निर्माण कार्यों की नींव रखी जाएगी.**



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और नगर परिषद की तैयारियां जोरों पर हैं. मक्सी नगर के दशहरा मैदान पर विशाल डोम तैयार किया जा रहा है, वहीं स्कूल रोड से एबी रोड तक डामरीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे. मुख्यमंत्री के दौरे से मक्सीवासियों में उत्साह और उम्मीद का माहौल है. लोगों को विश्वास है कि इस बार मक्सी को तहसील का पूर्ण दर्जा मिल सकता है.



शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने बताया कि सीमा परिसीमन में मक्सी तहसील हो गई है, तहसील ब्लॉक का परिसीमन भी चालू है. जिन सरपंचों और पंचायतों ने सहमति दी है. वे सभी मक्सी से जुड़ेंगे. विधायक ने आगे बताया कि देवास और उज्जैन जिले के 12 सरपंचों के 12 गांव इसमें शामिल होंगे. साथ ही सिविल अस्पताल की राशि स्वीकृत हो चुकी है. फिलहाल अस्पताल के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश जारी है.

## एक नजर में

### चार दिसंबर तक चलेगा एसआईआर अभियान, घर-घर लोगों को दे रहे समझाइश

# कटेंगे संदिग्ध मतदाताओं के नाम, दावे-आपत्ति का मिलेगा मौका

**नलखेड़ा, 11 नवंबर. ग्रामीण क्षेत्र में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है. इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सर्वे कर रहे हैं. उन्हें जरूरी आवेदन पत्र दे रहे हैं. साथ ही लोगों को उन दस्तावेजों से भी अवगत करवा रहे हैं, जो अनिवार्य हैं.**

अधिकारी प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी मतदाता एसआईआर से छुटने ना पाए. निर्देश है कि बीएलओ वोटर लिस्ट समीक्षा के दौरान घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए. हर वोटर के यह फॉर्म अनिवार्य रूप से भरना होगा. अगर परिवार बाहर हैए तो दूसरे या तीसरे प्रयास में इसमें शामिल हो सकता है. तीन बार फॉर्म भरवाने की कोशिश करेगा. फिर भी कोई आवास पर नहीं मिलता है तो बूथ लेवल ऑफिसर संबंधित परिवार को नोटिस दे सकता है. इसके बाद एसआईआर में शामिल न होने पर मतदाता, परिवार के व्यक्ति का नाम हटाया जा सकता है. बीएलओ फॉर्म देने ओर बाद में फॉर्म जमा कराने जा रहे है. सर्वे कार्य में बीएलओ के साथ आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं भी महत्वपूर्ण भूमिका रही. जो बीएलओ को जानकारी जुटाने में सहयोग दे रही है.

**वेबसाइड पर लिस्ट में नाम चेक करें**

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईआर 4 दिसंबर तक चलेगा. वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक करना है तो संबंधित वेबसाइड पर इपीआइसी नंबर डालकर लिस्ट में नाम चेक कर सकते हैं. फोन पर एनवीएसपी ऐप डाउनलोड कर वोटर लिस्ट देख सकते हैं. डिजिटल वोटर आईडी कार्ड भी निकाल सकते हैं. इस अभियान की खासियत है कि 18 साल से अधिक उम्र के नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे. वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियां सुधारी जाएंगी. मृत लोगों या दूसरी जगहों पर स्थायी प्रवास पर नाम हटाए जाएंगे.

### 2003 की सूची के आधार पर तय हो रहा सर्वे

जानकारों ने बताया कि एसआईआर सर्वे 2003 में प्रकाशित मतदाता सूची के हिसाब से मतदाता का नाम जोडने, हटाने सहित सटीक मैपिंग हेतु जारी है जिससे मतदाता सूची में कोई त्रुटि ना रहे. इस दौरान शादी, पलायन के कारण दूसरे नगर में जाने वाले परिवार का भी विशेष सर्वे हो रहा है.

### इन 13 दस्तावेजों का है महत्व...

कर्मचारियों को जारी किया हुआ परिचय पत्र, पेंशन भुगतान आदेश 1 जुलाई 1987 से पहले सरकार, स्थानीय, प्राधिकरण, बैंक, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या दस्ताव, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड से जाती मैट्रिकुलेशन या शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र ओबीसी, एससी-एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र जरूरी दस्तावेजों में शामिल हैं.

### वैश्य फेडरेशन का मिलन समारोह हुआ

**शुजालपुर, 11 नवंबर.** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन महिला इकाई का जिलास्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें अनोखी, अनूठी बचपन थीम में सभी महिलाओं को आमंत्रित किया. इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन महिला इकाई प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बीना माहेश्वरी, संभाग अध्यक्ष ग्रीष्मा शाह, जिला अध्यक्ष वीणा गोयल, लता विजयवर्गीय एवं अंजू सोनी के साथ में अकोदिया तहसील अध्यक्ष अमिता डागा, कालापीपल से भारती गर्ग के नेतृत्व में हर उम्र की महिलाओं ने अपने बचपन का आनंद लिया बच्चों के रूप में तैयार हुई महिलाओं ने लॉलीपॉप, इमली, बोर खाकर, पुराने सांप सीढ़ी, लूडो, लुकाछुपी, पोषम्पा, रस्सी कूद, कैरम आदि खेल खेलकर अपने बचपन को भरपूर याद किया. इस तरह का आयोजन सकारात्मक रूप से एक नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार महिलाओं में करता है.